मैया दो ऐसा वरदान सुहागन रहूं सदा

मैया दो ऐसा वरदान सुहागन रहूं सदा,
रहे अमर यही अरमान सुहागन रहू सदा,

माथे की बिंदिया चाँद सी चमके
दूर रहे सदा बादल गम के,भरी मांग रखना ध्यान
सुहागन रहू सदा...

सिर पे रहे सदा लाल चुनरियाँ,
साजन की रहू सजी सजनिया,
रहे हाथो पे मेहँदी निशान
सुहागन रहू सदा,

भरी रहे चूडियो से कलाई
लेती रहू प्रीतम की भलाई,
पायल की रहे गुंजान
सुहागन रहू सदा,

प्रीत पिया की सदा ही पाऊ,
गीत सदा माँ तेरे मैं गाऊ,
माँ तुम्हे सम्बालो आन
सुहागन रहू सदा,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18935/title/maiya-do-esa-vardan-suhagan-rahu-sda

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |